प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 12.09.2025

- **थाना रुरा पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए आत्महत्या के लिये उकसाने की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग में नामित 01 नफर अभियुक्ता व प्रकाश में आये 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, वादी श्री राम बाबू पुत्र स्व0 निरपत लाल निवासी ग्राम भारत सिंह का पुरवा मजरा गदनपुर थाना रूरा जनपद कानपुर देहात द्वारा दिनांक 26.03.2025 को तहरीर दी गयी कि अभियुक्तगण द्वारा उसके पुत्र विजय सिंह को प्रताडित कर आत्महत्या के लिये उसकसाया गया, जिससे आहत होकर उसके पुत्र द्वारा आत्महत्या कर ली गयी, के सम्बन्ध में थाना रुरा पर मु0अ0सं0 88/2025 धारा 108 बीएनएस पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त में विवेचना के क्रम में प्राप्त तथ्यों/साक्ष्यों के आधार पर प्रकाश में 01 नफर अभियुक्त दीपक पासवान पुत्र वीरेन्द्र पासवान निवासी चौपरिया पोस्ट परतावल थाना सनदेउरवा जनपद महाराजगंज उम्र 20 वर्ष व 01 नफर नामजद अभियुक्ता को थाना रुरा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 12.09.2025 को मुखबिर की सूचना पर कोल्ड स्टोर किशुनपुर से डेरापुर की तरफ करीब 10 कदम दूरी के पास थाना क्षेत्र रुरा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त व अभियुक्ता को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण –

1.दीपक पासवान पुत्र वीरेन्द्र पासवान निवासी चौपरिया पोस्ट परतावल थाना सनदेउरवा जनपद महाराजगंज उम्र 20 वर्ष

2.एक नफर अभियुक्ता

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

थाना रूरा पुलिस